आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद/आकाशि/2019/ 298 दिनांकः 22 अगस्त, 2019

प्राचार्य,
समस्त नोडल राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान

विषयः अगस्त माह 2019 में आयोजित होने वाली मासिक परीक्षा के प्रश्न पत्र तैयार करवाने बाबत।

महोदय,

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजकीय महाविद्यालय, जयपुर तथा अन्य राजकीय महाविद्यालयों के सह/सहायक आचार्यो के सहयोग से माह जुलाई 2019 की मासिक परीक्षा के आयोजन के लिए न्यूनतम समय में विभिन्न विषयों के प्रश्न पत्र तैयार कर महाविद्यालयों में भिजवाये गये जिससे मासिक परीक्षा का सफल आयोजन किया जा सका, इसके लिए आप सभी का साधुवाद।

माह जुलाई 2019 में मासिक परीक्षा में बिना वीक्षक के परीक्षा का आयोजन भी अपने आप में एक सराहनीय प्रयास है इससे विद्यार्थियों में जीवन के प्रति सच्चाई, ईमानदारी, आत्मविश्वास, आत्मविश्लेषण, स्वनियन्त्रण और स्वयं को परखने की क्षमता का विकास हुआ।

पूर्व माह की भाँति माह अगस्त 2019 में भी दिनांक 30.08.2019 को मासिक परीक्षा का आयोजन किया जाना है। इस परीक्षा के लिए राजस्थान के सभी RACE कार्यक्रम के अन्तर्गत चिन्हित नोड़ल महाविद्यालय के प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने तथा नोड़ल महाविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले महाविद्यालयों के लिए विभिन्न विषयों के अगस्त माह में पढाये जाने वाले पाठ्यक्रम से प्रश्न पत्र तैयार करवायें। नोड़ल महाविद्यालय विभिन्न विषयों के प्रश्न पत्रों को संबंधित परिक्षेत्र के महाविद्यालयों में दिनांक 29.08.2019 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। जिससे दिनांक 30.08.2019 को माह अगस्त की मासिक परीक्ष का सफल आयोजन हो सके।

भवदीय,

(प्रदीप कुमार बोरड़) 298
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव,उच्च शिक्षा,
राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद/आकाशि/2019/ 299 दिनांकः 22 अगस्त, 2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. सहायक निदेशक, समस्त क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
4. संबंधित महाविद्यालय के प्रभारी अधिकारी, कॉलेज समूह, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राज., जयपुर।
5. वेबसाइट प्रभारी, आयुक्तालय। कृपया पत्र को अपलोड़ करने का श्रम करें।
6. रक्षित पत्रावली।

22.8.19
(डॉ. आर.सी.मीना)
संयुक्त निदेशक(अकादमिक)

acad Letter